Australian Government

myagedcare

# वेबसाइट गोपनीयता कथन

## सुरक्षा

My Aged Care वेबसाइट आपकी व्यक्तिगत जानकारी को संग्रहीत करके नहीं रखती है। वेबसाइट से एकत्र की गई जानकारी My Aged Care के तंत्र में संग्रहीत की जाती है, जिसे केवल प्राधिकृत लोगों द्वारा ही एक्सेस किया जा सकता है।

वेबसाइट का परीक्षण उन्नत साइट सुरक्षा स्तर पर किया गया है। किंतु उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि इंटरनेट पर जानकारी के आदान-प्रदान में अंतर्निहित जोखिम शामिल होते हैं, जिसमें इस बात का जोखिम भी शामिल है कि किसी वेबसाइट पर या उससे भेजी गई जानकारी को किसी तीसरे पक्ष द्वारा अवरुद्ध, संदूषित या संशोधित किया जा सकता है। यदि आपके पास सुरक्षा से संबंधित कोई चिंताएं है, या यदि आप अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी देना चाहते/ती हैं (उदाहरण के लिए टेलीफोन या कागजी रूप में), तो आप संपर्क केंद्र से 1800 200 422 पर संपर्क कर सकते/ती हैं।

## विश्लेषण

हमारी वेबसाइट पर आपके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हम 'कुकीज़' का उपयोग कर सकते हैं। कुकीज़ उद्योग मानक होती हैं, और अधिकांश प्रमुख वेबसाइटें उनका उपयोग करती हैं।

जब आप इस साइट पर जाते/ती हैं, तो विभाग आपकी विज़िट का रिकॉर्ड बनाता है और सांख्यिकीय या सिस्टम प्रशासन उद्देश्यों के लिए निम्नलिखित जानकारी को लॉग करता है:

- उपयोगकर्ता का सर्वर एड्रेस
- उपयोगकर्ता का सबसे ऊंचे स्तर पर डोमेन नेम
- साइट को एक्सेस करने की तिथि और समय
- एक्सेस किए गए पेज और डाउनलोड किए गए दस्तावेज
- पिछली बार विज़िट की गई साइट
- उपयोग किए गए ब्राउज़र का प्रकार।

इस जानकारी का विश्लेषण हमारी वेबसाइट में ब्रोकन लिंक्स, बॉटलनेक्स और साइट से संबंधित अन्य समस्याओं को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। हम अपनी साइट के रख-रखाव के लिए इस जानकारी को इस्तेमाल करते हैं, ताकि आप इसका उपयोग कुशलतापूर्वक कर सकें।

वेबसाइट सेशन के माध्यम से उपयोगकर्ता के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए विभाग कुकीज़ का उपयोग करता है। एक कुकी विभाग द्वारा प्रदान की गई छोटी सी फ़ाइल होती है, और जब आप हमारी साइट को एक्सेस करते/ती हैं, तो यह आपके कंप्यूटर पर वेब ब्राउज़र सॉफ़्टवेयर द्वारा संग्रहीत की जाती है। कुकीज़ हमें इस बात की अनुमति देती हैं कि जब आप हमारी वेबसाइट को ब्राउज़ करें, तो हम आपको एक व्यक्तिगत वेब उपयोगकर्ता के रूप में पहचान सकें।

इस वेबसाइट पर दो प्रकार की कुकीज़ का उपयोग किया जा सकता है:

### *सेशन कुकीज़*

ये केवल किसी विशिष्ट वेबसाइट/होस्ट के साथ वेब ब्राउज़र सेशन की अवधि में मौजूद होती हैं। जब आप अपना इंटरनेट सेशन समाप्त कर लेते/ती हैं या अपना कंप्यूटर बंद कर देते/ती हैं, तो सभी कुकीज़ तुरंत गुम हो जाएंगी। हमारे पास आपकी जानकारी की जो प्रति होती है, वह आपके द्वारा सिस्टम के अंतिम उपयोग के 20 मिनट बाद स्वतः डिलीट हो जाएगी। इस जानकारी का उपयोग केवल हमारे वेबसाइट सिस्टम का अधिक कुशलतापूर्वक उपयोग करने में आपकी मदद के लिए किया जाता है, न कि इंटरनेट के माध्यम से आपकी गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए, या आपके बारे में निजी जानकारी रिकॉर्ड करने के लिए।

### *परसिस्टेंट कुकीज़*

ये समाप्त होने से पहले एक नियत अवधि (आमतौर पर वर्तमान सेशन की समाप्ति से परे की अवधि) के लिए मौजूद होती हैं।

## कुकीज़ गोपनीयता

उपयोगकर्ताओं या उनकी ब्राउज़िंग गतिविधियों की पहचान करने का कोई भी प्रयास नहीं किया जाएगा, जब तक कि कानूनी रूप से ऐसा करने की बाध्यता न हो, जैसे किसी जांच-पड़ताल की स्थिति में जबकि कानून प्रवर्तन एजेंसी इंटरनेट सेवा प्रदाता की लॉग फ़ाइलों की जांच के लिए एक वॉरंट का प्रयोग कर सकती है।

आप अपने ब्राउज़र पर उपयुक्त सेटिंग्स को चुनकर कुकीज़ के उपयोग से इनकार कर सकते/ती हैं। किंतु कृपया ध्यान दें कि ऐसा करने पर आप संपूर्ण फंक्शनैलिटी का उपयोग करने में असक्षम भी हो सकते/ती हैं।

हमारी वेबसाइट Google Analytics का उपयोग करती है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में Google सर्वर्स पर वेबसाइट ट्रैफ़िक डेटा प्रसारित करने वाली एक सेवा है। Google Analytics अलग-अलग उपयोगकर्ताओं की पहचान नहीं करती है, या आपके आईपी एड्रेस को Google के पास संग्रहीत किसी अन्य डेटा से जोड़ती नहीं है। हम वेबसाइट ट्रैफ़िक और वेबपेज के उपयोग को समझने में मदद के लिए Google Analytics द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट का उपयोग करते हैं।

इस वेबसाइट का उपयोग करके आप Google की गोपनीयता नीति में बताए गए तरीके से और उपरोक्त  उद्देश्यों के लिए Google द्वारा आपसे संबंधित डेटा का संसाधन किए जाने की सहमति देते/ती हैं। Google Analytics से ऑप्ट आउट करने के लिए आप कुकी को डिसेबल या अस्वीकार, जावास्क्रिप्ट को डिसेबल, या Google द्वारा प्रदान की गई ऑप्ट-आउट सेवा का उपयोग कर सकते/ती हैं।